**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–23.11.2024 (दोपहर–1450 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए सवेरे आठ बजे से मतगणना जारी है। ताजा आंकड़ों की बात करें तो अब तक नौ विधानसभा सीटों के नतीजे आ गये हैं। इनमें से सरायकेला विधानसभा सीट से भाजपा के चम्पाई सोरेन, तोरपा से झामुमो के सुदीप गुड़िया, खूंटी से रामसूर्या मुंडा, मझगांव से निरल पूर्ति, महेशपुर से स्टीफन मरांडी, गोमिया से योगेन्द्र प्रसाद, लिट्टी पाड़ा से हेमलाल मुर्मू, चंदनकियारी से उमाकांत रजक, लोहरदगा से कांग्रेस के रामेश्वर उरांव, कांके से सुरे"ा बैठा और जगरनाथपुर से सोनाराम सिंकू ने जीत हासिल कर ली है। अभी–अभी मिली सूचना के अनुसार चाईबासा सुरक्षित सीट से झामुमो के दीपक बिरूआ ने जीत हासिल कर ली है। उन्होंने अपनी जीत पर जनता का आभार जताया।

*****************

2. झारखंड के इतिहास में यह पहली बार होगा जब लगातार दूसरी बार कोई सरकार दोबारा सत्ता में आयेगी। इसके अनुसार झारखंड में एक बार फिर इंडी गठबंधन सरकार बनाती दिख रही है। हेमंत सरकार के कई मंत्री चुनावी मैदान में हैं। बरहेट से चुनाव मैदान में उतरे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा के गैमेलियम हेंब्रम से आगे चल रहे हैं। वहीं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, बन्ना गुप्ता और मिथिलेश ठाकुर पीछे चल रहे हैं। चतरा सीट पर इस बार राजद के सत्यानंद भोग्ता चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनकी जगह इंडी गठबंधन ने श्री भोग्ता की बहू रश्मि प्रकाश को चुनाव में उतारा है। इस सीट पर लोजपा–आर के उम्मीदवार जनार्दन पासवान 13 हजार 898 मतों से आगे चल रहे हैं। **वहीं** मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी गांडेय विधानसभा सीट से पीछे चल रही हैं। यहां भाजपा की मुनिया देवी लगातार बढ़त बनाये हुए हैं।

*****************

3. उधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गिरिडीह जिले की धनवार विधानसभा सीट से आगे चल रहे हैं। चंदनकियारी से भाजपा उम्मींदवार और वर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी पीछे चल रहे हैं। इस सीट पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार उमाकांत रजक बढत बनाए हुए हैं। नाला विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र कुमार महतो आगे चल रहे हैं। देवघर में राजद प्रत्याशी सुरेश पासवान बढ़त बनाये हुए हैं। पाकुड़ सीट की बात करें तो कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम आगे चल रही हैं। पोटका से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा भारी मतों से आगे चल रही हैं। जमशेदपुर पश्चिमी से जदयू प्रत्याशी सरयू राय कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता से लगातार आगे चल रहे हैं। जमशेदपुर पूर्वी से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू बढ़त बनाई हुई हैं। घाटशिला में चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन आगे चल रहे हैं।

*****************

4. दुमका में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन 26 हजार से अधिक वोटों से बढ़त बनाये हुए हैं। डुमरी विधानसभा सीट पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के उम्मीदवार जयराम महतो ने झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी को पराजित कर दिया है। बड़कागांव से कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद एनडीए प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी के मुकाबले 17 हजार वोटों से पीछे चल रही हैं।

*****************

5. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने कहा है कि अंतिम चुनाव परिणाम शाम पांच बजे तक आने की संभावना है। उन्होंने कहा बताया कि सबसे अधिक 27 राउंड की मतगणना चतरा विधानसभा क्षेत्र की होगी। झारखंड में सर्वाधिक मतदान पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विजयी प्रत्याशियों की सूची राज्यपाल को सौंपने के साथ चुनावी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। सीईओ ने कहा कि 25 नवंबर तक चुनावी प्रक्रिया पूरी कर लेना है, लेकिन हमारा प्रयास है कि प्रक्रिया को 24 नवंबर तक ही पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि विजयी प्रत्याशियों की सूची राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को सौंपने के साथ ही चुनावी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

*****************

6. टेंडर कमीशन से प्राप्त बड़ी रकम की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में आरोपी ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम, राज कुमारी और आलोक रंजन की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर आदेश 26 नवंबर को आयेगा। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में तीनों की याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है।

****************

7. झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा है कि चेक बाउंस के मामले में एनआइ एक्ट की धारा 142 के तहत अपराध पर संज्ञान लेने के लिए पुलिस को रिपोर्ट करने की आवश्यकता नहीं है और न ही अदालत को शिकायत की जांच करने के लिए पुलिस को निर्देश देने का अधिकार है। दरअसल याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप यह था कि उसने शिकायतकर्ता को 10 लाख 82 हजार 500 रुपये का चेक जारी किया था। खाते में पर्याप्त धनराशि नहीं होने के वजह से वह चेक बाउंस हो गया।

****************

8. राज्य में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान गढ़वा में न्यूनतम तापमान 10 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा। अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 13 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है। आगामी 28 नवंबर तक मौसम शुष्क बना रहेगा और सुबह के समय कुहासे के हालात रह सकते हैं।

****************

9. केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 25 नवम्बर को संविधान दिवस मनाने के लिए नई दिल्ली में पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। इस पदयात्रा का विषय है– मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान। पदयात्रा का उद्देश्य संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देना और संविधान की प्रस्तावना और लोकतंत्र के सिद्धांतों के बारे में युवाओं को जागरूक करना है। इस पदयात्रा में केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की उम्मीद है। पदयात्रा में माय भारत वालंटियर्स, नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स सहित विभिन्न संगठनों के दस हजार से अधिक युवा प्रतिभागी शामिल होंगे।

******************